
SALCO
South Asian Legal Clinic of Ontario



# स्पाउज़ल सपोर्ट

## स्पाउज़ल सपोर्ट क्या है?

यदि कोई जोड़ा अलग होने या तलाक लेने का फैसला करता है, तो एक पार्टनर को दूसरे को आर्थिक रूप से सहायता करने की आवश्यकता हो सकती है। स्पाउज़ल सपोर्ट का भुगतान आमतौर पर मासिक आधार पर किया जाता है, लेकिन इसका भुगतान एकमुश्त के रूप में भी किया जा सकता है। स्पाउज़ल सपोर्ट का भुगतान अधिक कमाने वाले पार्टनर (भुगतानकर्ता) द्वारा उस पार्टनर को किया जाता है जो कम कमाता है (प्राप्तकर्ता)।

स्पाउज़ल सपोर्ट चाइल्ड सपोर्ट की तरह स्वचालित नहीं होता है।  आपको या तो इसके लिए सहमत होना होगा या इसके लिए आदेश प्राप्त करने के लिए अदालत जाना होगा।

## स्पाउज़ल सपोर्ट के लिए कौन योग्य है?

- विवाहित जोड़े
- जोड़े जो कम से कम तीन साल से एक साथ रहे हैं
- जोड़े जो किसी भी लम्बाई के लिए कुछ स्थायित्व के रिश्ते में थे और उनका बच्चा है
- यदि आपको कैनेडा आने के लिए आपके पति या पत्नी द्वारा स्पान्सर किया गया था, तो आपका पति या पत्नी आपके कैनेडा आने के बाद कुछ समय के लिए आपको सपोर्ट करने के लिए स्पान्सर्शिप आवेदन में सहमत हुआ होगा। उस समय के दौरान, यदि आप अलग हो जाते हैं, तो उन्हें आपको स्पाउज़ल सपोर्ट का भुगतान करने की भी आवश्यकता होगी।

नोट: स्पाउज़ल सपोर्ट के लिए योग्य होने के लिए आपको विवाहित होने की ज़रूरत नहीं है।

## स्पाउज़ल सपोर्ट का उद्देश्य

- शादी या रिश्ते में एक पार्टनर को अलग होने के बाद आर्थिक रूप से खुद का भरण-पोषण करने में सक्षम होने की अनुमति देना
- अलगाव या तलाक के कारण किसी को होने वाली वित्तीय कठिनाई को कम करना

• चाइल्ड सपोर्ट का भुगतान करने के दायित्व के अलावा बच्चों की देखभाल की लागत को साझा करना
• रिश्ते में प्रत्येक पार्टनर के योगदान को पहचानना उदाहरण के लिए, अगर एक व्यक्ति ने बच्चों की देखभाल के लिए काम करना बंद कर दिया तो उन्हें मुआवजा दिया जा सकता है

## क्या मुझे स्पाउज़ल सपोर्ट मिलेगी?

**पात्रता निर्धारित करते समय कई कारकों का उपयोग किया जाता है जिनमें शामिल हैं:**

• आप और आपका पार्टनर कितने समय कि लिए साथ रहे हैं
• यदि आपके साथ बच्चे हैं और उनकी देखभाल कौन करता आ रहा है
• आप दोनों की आय और वित्तीय स्थिति
• आपके रिश्ते के दौरान आपकी कोई भी ज़िम्मेदारियाँ जो आपको अपना करियर बनाने से रोकती थीं, जैसे कि बच्चों की देखभाल करना या अपने पति या पत्नी को अपना करियर बनाने में मदद करना।
• क्या सेपरेशन  या तलाक के कारण आपको वित्तीय सहायता की आवश्यकता है और क्या आपके पूर्व-पार्टनर के पास सपोर्ट का भुगतान करने के लिए पर्याप्त आय और संपत्ति है
• क्या आपके पास एक कानूनी समझौता है जो कहता है कि यदि आप अलग होते हैं तो स्पाउज़ल सपोर्ट किसे मिलेगी
• स्पाउज़ल सपोर्ट ऐडवाइज़री गाइडलाइन्ज़ (SSAG)

## मुझे कितनी स्पाउज़ल सपोर्ट मिलेगी और यह मुझे कब तक मिलेगी?

**स्पाउज़ल सपोर्ट की राशि और अवधि कई कारकों पर निर्भर करती है, जिनमें शामिल हैं:**

• यदि आपकी आय और आपके पूर्व-पार्टनर की आय में बहुत अधिक अंतर है
• आप कितने समय से एक साथ रह रहे हैं (यदि आप बहुत लंबे समय तक एक साथ रहे हैं तो आपको अधिक राशि और लंबी अवधि के लिए मिल सकती है)
• क्या आपके साथ बच्चे हैं, और उनकी देखभाल कौन करता आ रहा है
• आपकी उम्र और आपके पार्टनर की उम्र

SALCO
South Asian Legal Clinic of Ontario

- रिश्ते के दौरान आप में से प्रत्येक की भूमिकाएँ
- आप में से प्रत्येक का मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य
- आप में से प्रत्येक की स्वयं का भरण पोषण करने की क्षमता

## स्पाउज़ल सपोर्ट कैसे प्राप्त करें

1. सेपरेशन  का समझौता - एक जोड़ा इस बात पर सहमत हो सकता है कि स्पाउज़ल सपोर्ट भुगतान कितनी राशि के होगें और कितनी बार होंगे। इससे उन्हें कोर्ट की प्रक्रिया से नहीं गुजरना पड़ेगा। समझौता अभी भी अदालत के साथ फाइल किया जा सकता है ताकि उसे लागू किया जा सके।

2. कोर्ट - जोड़ा अदालती प्रक्रिया से गुजर सकता है और एक न्यायाधीश कई कारकों पर विचार करेगा और आदेश देने से पहले स्पाउज़ल सपोर्ट ऐडवाइज़री गाइडलाइन्ज़ को देखेगा।

नोट: स्पाउज़ल सपोर्ट ऐडवाइज़री गाइडलाइन्ज़  का उपयोग स्पाउज़ल सपोर्ट की राशि और अवधि निर्धारित करने के लिए एक गाइड के रूप में किया जाता है। यह कानून नहीं है लेकिन अदालतें नियमित रूप से दिशानिर्देशों का उपयोग करती हैं।

## क्या होगा यदि मेरा पार्टनर स्पाउज़ल सपोर्ट का भुगतान नहीं करता है?

यदि आपको लगता है कि आपका पार्टनर समझौते में स्पाउज़ल सपोर्ट अदायगियों का भुगतान नहीं करेंगे, तो आप फैमिली रिस्पान्सबिलिटी ऑफिस (FRO) के साथ अपना समझौता रजिस्टर कर सकते हैं। FRO एक सरकारी एजेंसी है जो सपोर्ट भुगतानों को लागू करने के लिए ज़िम्मेदार है। एक अदालती आदेश स्वचालित रूप से FRO को भेजा जाएगा लेकिन अदालत के बाहर के समझौतों को अदालत में फाइल करने और फिर FRO के साथ रजिस्टर करने की आवश्यकता होगी। आपके FRO के साथ रजिस्टर कर लेने के बाद, वे आपके लिए सपोर्ट भुगतानों को लागू करेंगे।

यह सुनिश्चित करने के लिए कि आपको आपका भुगतान मिले FRO कुछ चीज़ें कर सकता है। इस में शामिल हो सकते हैं,

- भुगतानकर्ता के बैंक खाते, सेवानिवृत्ति बचत, रोजगार बीमे, लाभ, या तनख़्वाह से सीधे पैसा लेना।
- भुगतानकर्ता के ड्राइविंग लाइसेंस को निलंबित करना
- भुगतानकर्ता को अपनी संपत्ति के स्वामित्व को बेचने या स्थानांतरित करने से रोकना जब तक कि वे स्पाउज़ल सपोर्ट का भुगतान नहीं करते
- उनके खिलाफ अदालती केस शुरू करना

## स्पाउज़ल सपोर्ट समझौतों या आदेशों को बदलना

यदि आपकी या आपके पूर्व पार्टनर की स्थिति बदलती है, तो आपको अपने स्पाउज़ल सपोर्ट समझौते या आदेश में परिवर्तन करने की आवश्यकता हो सकती है।

परिवर्तन करने के लिए, आपको यह साबित करने की आवश्यकता है कि "परिस्थितियों में महत्त्वपूर्ण परिवर्तन" हुआ है, जैसे कि:

- आपकी आय या आपके पार्टनर की आय बदल गई है
- अब आपको स्पाउज़ल सपोर्ट की आवश्यकता नहीं है
- आपने पुनर्विवाह किया है, और आपको स्पाउज़ल सपोर्ट केवल इस लिए मिल रहा था क्योंकि आपको पहले इसकी आवश्यकता थी
- बच्चों के लिए व्यवस्था बदल गई है

आपका सेपरेशन  समझौता या अदालती आदेश पहले से ही बता सकता है कि परिस्थितियाँ में कोई भी परिवर्तनों से कैसे निपटा जाए। उदाहरण के लिए, यह उन परिस्थितियों को निर्दिष्ट कर सकता है जिनमें स्पाउज़ल सपोर्ट समाप्त हो जाएगी। अन्यथा, यदि आप दोनों परिवर्तनों से सहमत हैं, तो आप एक नए समझौते का मसौदा तैयार कर सकते हैं और उस पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। यदि आपने पहले इसे अदालत और FRO के पास फाइल किया था, तो आप पिछले समझौते को बदलने के लिए एक नया समझौता फ़ाइल कर सकते हैं। अगर आप अपने मौजूदा अदालती आदेश को बदलने के लिए सहमत हैं, तो आप अदालत के पास दस्तावेज़ फाइल कर सकते हैं और अदालत से आपके नए समझौते के आधार पर आपको एक सहमति आदेश देने के लिए कह सकते हैं। यदि आप एक नया सेपरेशन  समझौता करने या अपना आदेश बदलने के लिए सहमत नहीं हो सकते हैं, तो आप "वैकल्पिक विवाद समाधान (ADR)" नामक एक प्रक्रिया के माध्यम से अदालत के बाहर अपने मामले को सुलझाने का प्रयास कर सकते हैं, या आप अदालत में जा सकते हैं और न्यायाधीश को परिवर्तन करने के लिए कह सकते हैं।